भ्रष्टाचार | आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने मारा छापा, प्राथमिक जांच में मिली आय से 175 प्रतिशत अधिक संपत्ति

# सेल्समैन के तीन ठिकानों पर ईओडब्ल्यू की दबिश

**नवभारत,कटनी।** जबलपुर की आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने कटनी जिले के बसाड़ी गांव में दबिश देते हुए आय से अधिक संपत्ति के संदेह में सेल्समैन सुशील गुप्ता के तीन ठिकानों में दबिश दी। कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की गोपनीय शिकायत के आधार पर की गई है। जबलपुर की ईओडब्ल्यू डीएसपी मनजीत सिंह ने बताया कि सेल्समैन सुशील गुप्ता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की गोपनीय शिकायत मिली थी। इसी आधार पर मंगलवार सुबह उनके निवास और फार्म हाउस पर छापेमार कार्रवाई की गई है। छापेमार कार्रवाई के दौरान शुरूवाती जांच में आय से 175 प्रतिशत अधिक संपत्ति होने की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1991 से 2019 के बीच सुशील गुप्ता की वैध



आय लगभग 19 लाख रुपए बताई जा रही है, जबकि उनके नाम पर 56 लाख रुपए से अधिक की संपत्तियां और निवेश पाए गए हैं। इनमें वेयरहाउस, फार्महाउस, शहरी इलाके में जमीनें और आवासीय भवन शामिल हैं। उन्होने बताया कि ऐसी आशंका है कि जांच पूरी होने तक आय से अधिक संपत्ति का प्रतिशत बढ़ सकता है, उन्होने कहा प्रतिशत का यह आंकड़ा लगभग तीन प्रतिशत के आसपास हो सकता है। उन्होंने बताया कि जब्त की गई संपत्ति और दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार ईओडब्ल्यू की टीम मुख्य रूप से सेल्समैन सुशील गुप्ता की प्रॉपर्टी और आय से संबंधित दस्तावेजों को खंगाल रही है। ईओडब्ल्यू डीएसपी मनजीत सिंह ने बताया कि छापेमार कार्रवाई में 35 हजार रुपए नकद, कटनी के प्रेम नगर शहरी इलाके में एक प्लॉट से जुड़े दस्तावेज, बसाड़ी गांव में एक वेयरहाउस के दस्तावेज और एक धान मिल के दस्तावेज मिले हैं। उन्होंने बताया कि दस्तावेजों की जांच कर रही है ताकि उनकी कुल अवैध संपत्ति का सही आंकलन किया जा सके। डीएसपी ने बताया कि इस मामले में सेल्समैन सुशील गुप्ता के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मामले की जांच की जा रही है। आपको बतादें कि जबलपुर ईओडब्ल्यू की करीब 20 सदस्यीय टीम ने मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे बसाड़ी गांव पहुंची थी। जिसके बाद टीम ने सेल्समैन सुशील गुप्ता के घर, फार्म हाउस सहित धान मिल पर एक साथ छापेमार कार्रवाई की। टीम ने घर की घेराबंदी कर करते हुए जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में आय से अधिक संपत्ति मिली है।



# अपराध रोकने गुंडे-बदमाशों पर पुलिस की नजर

पुलिस जांच में शराब पीकर वाहन चलाते मिले 19 चालक

**नवभारत,कटनी।** जिले में वारंटियों और अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ ही सड़क सुरक्षा को मद्देनजर कार्रवाई का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पूरे जिले में शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 19 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अलावा 29 स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी की गई। 111 फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान 51 निगरानी बदमाशों और 60 गुडों की जांच की गई। इसके अलावा आबकारी एक्ट के तहत 26 मामले दर्ज किए गए।

पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत पांच मामले जर्द किए गए हैं। अवैध रूप से हथियार रखने पर एक प्रकरण दर्ज किया गया है। शांति भंग करने पर अलग-अलग स्थानों पर 13 आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने अभियान के दौरान प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और हाईवे पर संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की। बगैर कारण देर रात घूम रहे संदिग्ध युवकों को घर जाने की हिदायत दी गई। यात्रियों और परिवारों को सुरक्षित मंजिल तक पहुंचाने में सहायता की गई। इसके अलावा बैंकों और एटीएम पर पुलिस द्वारा सुरक्षा जांच की गई। पूरी कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में की गई है।

## शासकीय कार्यालय में अनिवार्य किया गया हेलमेट

**नवभारत, कटनी।** दोपहिया वाहन से शासकीय कार्यालय आने वाले सभी शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को अब हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर आशीष तिवारी ने आदेश जारी भी कर दिया है। कलेक्टर द्वारा जारी यह आदेश सभी विभागों के जिला अधिकारियों को भेजा गया है। आदेश में मध्यप्रदेश मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 129 के प्रावधानों और केन्द्र, राज्य शासन द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों का उल्लेख करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों, समस्त स्टाफ को दो पहिया वाहन से कार्यालय आते और जाते समय आईएसआई मार्का हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को अपने स्टाफ से हेलमेट की अनिवार्यता आदेश का पालन सुनिश्चित कराने कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि संबंधित थाना और आरक्षी केंद्र द्वारा समय-समय पर हेलमेट चेकिंग अभियान भी चलाया जाएगा।

## ओवरलोड 2 हाइवा जब्त, 3 बसों का फिटनेस निरस्त

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के द्वारा कटनी-उमरिया रोड पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान 2 हाईवा को क्षमता से अधिक रेत का परिवहन करते हुए पाया गया। जिन्हें जब्त कर कुठला थाना परिसर में खड़ा कराया गया। जांच के दौरान 2 पिकअप वाहन में फिटनेस नहीं होने पर 6 हजार रूपए का समन शुल्क लिया गया। इसके अलावा तीन स्कूल बसों में सुरक्षात्मक कमी पाए जाने पर जब्त किया गया। अतिरिक्त क्षेत्रीय अधिकारी ने बसों का फिटनेस निरस्त करने की कार्रवाई करते हुए परिवहन कार्यालय में सुरक्षित रखा गया। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पाल ने बताया कि जांच कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। स्कूल बसों में सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मानकों के आधार पर तय किए गए स्कूल बसों के सुरक्षा इंतजामों की जांच लगातार की जा रही है और आगे भी की जाएगी।

# हवाला काण्ड : आईजी ने चार को किया जिला बदर

**कटनी।** सिवनी हवाला लूट कांड से एक्शन मोड में आये आईजी प्रमोद वर्मा जो पूर्व से ही तेज-तर्रार छवि के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने सिवनी में करोड़ों की लूट में संलिप्त 9 पुलिस कर्मियों को निलंबित और एसडीओपी के खिलाफ कार्यवाही के लिए लिखकर अपने तेवर जाहिर कर दिए हैं। इसी क्रम में कटनी से चार पुलिस कर्मियों का जिला बदर कर स्पष्ट सन्देश दे दिया है कि कोई भी बक्शा नहीं जाएगा जो अनैतिक गतिविधियों में लिप्त होगा। फिर कोई कितनी भी लंबी पहुंच क्यों न रखता हो, श्री वर्मा के सख्त तेवरों और चार लोगों के स्थानांतरण से कटनी पुलिस विभाग में खलबली मच गई है। क्योंकि सर्वविदित है कि पिछले काफी समय से कटनी क्रिकेट सट्टे और हवाला कारोबार का गढ़ बना हुआ है। पुलिस के संरक्षण में फल-फूल रहे सट्टे और हवाला कारोबार की जानकारी अब तक पदस्थ रहे



लगभग सभी अधिकारियों को रही है, पूर्व में गौरव तिवारी और अब आईजी प्रमोद वर्मा के अलावा किसी ने भी इनपर चोट करने की हिम्मत नहीं कि है। जो जैसा चल रहा था चलने दिया, किसी ने अपने निजी हित साधे तो किसी ने आंखें बंद रखी। आईजी श्री वर्मा द्वरा उठाये गए कदमों का सिलसिला रूकने वाला नहीं हैं, जो भी उनके रडार में आएगा वो नपेगा, फिर वो कोई भी हो, किसी भी पद पर हो। जिले में अब भी बचे सटोरियों और क्रिकेट सट्टेबाजों के हिमायती बेचैनी महसूस कर रहे हैं कि, न जाने कब उनका भी नम्बर आ जाये। खूब चांदी काटी है इन हिमायतियों ने, इस महँगाई के जमाने मे छोटी सी तनख्वाह में ब्रांडेड जूते, कपड़े, स्मार्ट वॉच, मंहगी गाड़ियां क्या नहीं था इनके पास, ऐसा प्रतित होता था मानो कुबेर का खजाना मिल गया हो, मंहगी हवाई यात्राएं, लग्जरी होटलों में महंगी पार्टियां जन्नत थी इनके कदमो में, जो अब खिसकती प्रतीत हो रही है। आईजी श्री वर्मा के इस कदम से कर्तव्यनिष्ठ पुलिस कर्मियों और आम जनमानस में विश्वास की भावना जागृत हुई है, ऐसे ही अधिकारियों की वजह से आज भी लोगों का पुलिस पर भरोसा कायम है, जो सभ्य समाज के लिए आवश्यक है। आईजी श्री वर्मा के कड़े रुख के कारण ही सिवनी लूट काण्ड के 11 आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 310(2), 126(2), 140(3), एवं 61(2) की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# यातायात पुलिस ने काटे चालान, दो पहिया वाहन चालकों को पहनाए हेलमेट

**नवभारत, कटनी।** यातायात नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने पर चालानी कार्रवाई करते हुए न सिर्फ जुर्माना वसूल किया, बल्कि बगैर हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चलाने वालों को मौके पर हेलमेट भी पहनाया।

यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडेय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के



मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा शहर में सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन बनाए रखने के लिए वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने पर पांच चालान काटे गए। बिना नंबर प्लेट के दो वाहन चलाने पर चलानी कार्रवाई की गई। इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए चालान काटकर जुर्माना वसूल किया गया। पुलिस ने 19 चालान काटकर दस हजार रूपए का जुर्माना वसूल किया गया। वाहन चैकिंग के दौरान ऐसे नवयुवक वाहन चालकों को, जिनके पास सभी आवश्यक दस्तावेज तो पूरे थे, लेकिन हेलमेट का अभाव था, उन्हें जनसहयोग के माध्यम से आईएसआई मार्क हेलमेट देकर मौके पर ही पहनाए गए।

## कराटे प्रतियोगिता में जिले की छात्राओं ने जीता गोल्ड

**नवभारत,कटनी।** मध्यप्रदेश नीति आयोग के तत्वावधान में बीते रविवार और सोमवार को खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा छिंदवाड़ा जिले में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर कटनी जिले की टीम ने मध्यप्रदेश में ओवर ऑल प्रतियोगिता में तीसरा रैंक हासिल किया है। विजयराघवगढ़ के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाली कक्षा 12वीं की छात्रा ऋतु पटेल और पल्लवी पटेल ने अंडर-19 कराटे प्रतियोगिता वर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किया है। इसी प्रकार इशिता गोड़ और आंचल गोंड़ ने भी प्रतियोगिता में कराटे अंडर-17 वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।

# गांजा लेकर जा रहे थे बाइक सवार तीन युवक, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवभारत, कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के जुहला बायपास में सरपंच ढाबे के पास से पुलिस ने मोटर साइकिल सवार तीन युवकों गांजा सहित पकड़ा है। युवकों के पास से पुलिस ने चार किलो 236 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने तीनों युवकों को गांजा रखने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मोटर साइकिल को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि 14 अक्टूबर 2025 को गश्त के दौरान सरपंच ढाबा जुहला बायपास में मोटर साईकिल सवार तीन संदिग्ध युवकों को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान उनके पास मिले एक बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बैग के अंदर गांजा रखा हुआ मिला। पुलिस ने युवकों से लगभग 50 हजार रूपए का गांजा जब्त किया गया है। तीनों युवकों के



खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पकड़े गए आरोपी पन्ना जिले के शाहनगर चैपरा निवासी टूटू पारधी, टिकरिया निवासी समीम खान और टिकरिया निवासी अंकित यादव हैं। कार्रवाई में एनकेजे थाना प्रभारी एसआई रूपेन्द्र राजपूत, खिरहनी चौकी प्रभारी एसआई महेन्द्र जायसवाल, एएसआई सहपाल परतेती, केवल उईके, प्रधान आरक्षक प्रहलाद सैयाम, आरिफ हुसैन, गणेश दत्त मिश्रा, राजेश चैधरी, कुलदीप सिंह और आरक्षक ओमशिव तिवारी, अजय शंकर साकेत की भूमिका रही।


